बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-225
27/04/2021

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुयी कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

मुख्य बिंदु :–

- कोरोना संक्रमितों के इलाज में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो, इस पर विशेष ध्यान दें। समस्या को कैसे कम किया जा सकता है, इस पर सकारात्मक रवैये के साथ काम करें।

- 1 मई से 18 वर्ष से 44 वर्ष के लोगों का भी टीकाकरण कराया जायेगा। राज्य सरकार मुफ्त टीकाकरण करायेगी। टीकाकरण को लेकर पूरी तैयारी रखें।

- आप सभी सक्रिय रहेंगे तो लोग नियंत्रित रहेंगे, मुवमेंट सीमित होगा और कोरोना का फैलाव कम से कम होगा।

- जिलों में इलाज की पूरी व्यवस्था रखें, अनुमण्डल स्तर पर भी पूरी तैयारी रखें। आई0जी0आई0एम0एस0 पटना को डेडिकेटेड अस्पताल के रूप में परिणत करें।

- स्वास्थ्य विभाग अलटरनेट डे सभी जिलों के जिलाधिकारियों से कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ले और उसके आधार पर जरूरी कदम उठायें।

- माइकिंग के द्वारा गांव–गांव तक कोरोना संक्रमण के प्रति लोगों को सतर्क और सजग करने के लिए निरंतर अभियान चलायें। उन्हें अगल–बगल के गांव और मुहल्लों में कोरोना संक्रमितों की संख्या को बतायें। उसके फैलाव के बारे में लोगों को सचेत करें।

पटना, 27 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने राज्य में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। उन्होंने डेली टेस्ट पॉजिटिविटी रेट, एक्टिव केसेज, प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर जांच की संख्या, जिलावार एक्टिव केसेज, आर0टी0पी0सी0आर0 जांच एवं टीकाकरण के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। कोविड अस्पतालों में दवा एवं बेडों की उपलब्धता तथा ऑक्सीजन की उपलब्धता आदि के संबंध में भी जानकारी दी। सभी जिलों के जिलाधिकारियों ने अपने–अपने जिलों के संबंध में कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति एवं उससे निपटने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों ने भी अपने–अपने जिलों का फीडबैक मुख्यमंत्री को दिया।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सभी जिलों के जिलाधिकारियों ने अपने जिले की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया, साथ ही जरूरी सुझाव भी दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के मामले प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। आप सभी सक्रिय रहेंगे तो लोग नियंत्रित रहेंगे, मुवमेंट सीमित होगा और कोरोना का फैलाव कम से कम होगा। कल हमने भी पटना शहर में भीड़भाड़ की स्थिति, कोरोना प्रोटोकॉल का पालन, लोगों को मास्क पहनना आदि को लेकर जायजा लिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जॉच की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ टीकाकरण की गति बढ़ायें। 1 मई से 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के लोगों का भी टीकाकरण कराया जायेगा। राज्य सरकार मुफ्त टीकाकरण करायेगी। टीकाकरण को लेकर पूरी तैयारी रखें। उन्होंने कहा कि बचे हुये पुलिसकर्मियों का टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमितों के इलाज में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो, इस पर विशेष ध्यान दें। समस्या को कैसे कम किया जा सकता है, इस पर सकारात्मक रवैये के साथ काम करें। लोगों को बचाव के लिये पूरी तरह कंसस रहें। मिसगाइड करने वाले कुछ नकारात्मक प्रवृति के लोग हैं, उन पर नजर रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में इलाज की पूरी व्यवस्था रखें, अनुमण्डल स्तर पर भी इलाज की पूरी तैयारी रखें। आई0जी0आई0एम0एस0 पटना को डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के रूप में परिणत करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, सभी जिलों के जिलाधिकारियों से कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति की जानकारी अलटरनेट डे लें और उसके आधार पर जरूरी कदम उठायें। उन्होंने कहा कि कल ओडिशा के मुख्यमंत्री से मेरी ऑक्सीजन आपूर्ति को लेकर दूरभाष पर वार्ता हुयी है। उन्होंने सहयोग का आश्वासन दिया है। केन्द्र की सहायता मिल रही है लेकिन इसके अलावा हमलोग अपनी तरफ से और क्या कर सकते हैं, उसके लिये हमेशा तत्पर रहें। हर हालत में लोगों को बचाव करना जरूरी है। कल आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में आज जिलाधिकारियों से मिले जिलों के फीडबैक पर चर्चा होगी और उसके संबंध में जो जरूरी होगा, निर्णय लिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माइकिंग के द्वारा गांव–गांव तक कोरोना संक्रमण के प्रति लोगों को सतर्क और सजग करने के लिए निरंतर अभियान चलायें। उन्हें अगल–बगल के गांव और मुहल्लों में कोरोना संक्रमितों की संख्या को बतायें। उसके फैलाव के बारे में लोगों को सचेत करें। लोगों को बताएं कि आप अगर सतर्क और सजग रहेंगे तो संक्रमण का खतरा कम से कम होगा। सभी को यह समझाने की जरुरत है कि वे मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें, बेवजह घर से बाहर न निकलें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद,

उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी पुलिस महानिरीक्षक/सभी पुलिस उप महानिरीक्षक/सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जुड़े हुए थे।

******